SINCE 1996
omni-NET®
TECHNOLOGIES PVT. LTD.

बेसिक शिक्षा मंत्री ने किया वेबसाइट का लोकार्पण

राब्यू, लखनऊ : बेसिक शिक्षा विभाग की नई वेबसाइट को आम लोग और दिव्यांगजन आसानी से देखने के साथ सुन भी सकते हैं। ये वेबसाइट देश की शासकीय वेबसाइट के मानकों के अनुसार विकसित की गई है जो दिव्यांगजन हितैषी फीचर्स के साथ द्विभाषीय है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने नव विकसित वेबसाइट basiceducation.up.gov.in का लोकार्पण सोमवार को बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय में किया।

Source: DAINIK JAGRAN

बेसिक शिक्षा विभाग की नई वेबसाइट का शुभारंभ

बेसिक शिक्षा की नई वेबसाइट का शुभारंभ करते राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह। -विज्ञप्ति

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी अब एक पटल पर आसानी से मिल सकेगी। इसके लिए विभाग की नई वेबसाइट basiceducation.up.gov.in का बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सोमवार को शुभारंभ किया। राजधानी में नबीउल्लाह रोड स्थित मध्याह्न भोजन प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि यह वेबसाइट बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ ही अभिभावकों व आमजन के लिए सूचनापरक है। इस मौके पर मंत्री ने विभाग से जुड़े एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। कार्यक्रम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद व सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल भी शामिल हुए।

शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू

निपुण भारत मिशन के तहत दीक्षा पोर्टल के जरिए शिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण की शुरुआत भी सोमवार को हो गई। प्रशिक्षण में दीक्षा एप पर हर सप्ताह तीन कोर्स भेजे जाएंगे। इसमें दो अकादमिक कोर्स होंगे और एक मैनेजमेंट, लीडरशिप कोर्स होगा। प्रत्येक प्रशिक्षण की अवधि आधे घंटे की होगी। सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

Source: AMAR UJALA

बेसिक शिक्षा विभाग की नयी वेबसाइट का हुआ लोकार्पण, आसानी से उपलब्ध हो सकेगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की नव विकसित वेबसाइट का लोकार्पण आज लखनऊ स्थित बेसिक शिक्षा के परिषद कार्यालय में किया। उन्होंने बताया कि इस वेबसाइट के माध्यम से आम जनमानस को, एकीकृत सूचना एक पटल पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। यह वेबसाइट भारत सरकार द्वारा निर्गत भारत की शासकीय वेबसाईट के मानकों के अनुसार विकसित की गई है। जिसमें सी एम एस टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए दिव्यांगजन हितैषी फीचर्स के साथ, द्विभाषीय एवं रेस्पॉन्सिव डिजाइन के अनुरूप बनाई गई है। सभी यूजर्स के साथ दिव्यांगजन भी इस वेबसाइट को आसानी से सुन सकते हैं।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने विभाग की वेबसाइट का लोकार्पण करने के उपरान्त बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़कर कार्य कर रहे हैं, एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने एनजीओ के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी को शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका मिला, यह बहुत ही सुअवसर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए आप सभी को कार्य करना है और शत.प्रतिशत बच्चों को शिक्षा प्रदान

उन्होंने कहा कि उप्र

बड़ा राज्य है इसी

सहयोग से ही शत

को शिक्षा प्राप्त

महानिदेशक स्कूल

किरन आनन्द ने बत

शिक्षा से जुड़े एनजी

के क्षेत्र में कार्य कि

परन्तु और बेहतर क

इसके लिए बेहतर

योजना बनाई जाए, स

शिक्षा से जोड़ते हुए

शिक्षा प्रदान की जाये,

प्रयास होना चाहिए।

Source: PIONEER SAMACHAR SEWA

दिव्यांगों को एक क्लिक पर मिलेगी सभी जानकारियां

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। अब दिव्यांगजन बेसिक शिक्षा विभाग की वेबसाइट का प्रयोग और सहजता से कर सकेंगे। उनको इस वेबसाइट

- बेसिक शिक्षा विभाग की वेबसाइट का हुआ लोकार्पण

पर शिक्षा विभाग से सम्बंधित सभी जानकारियाँ एक क्लिक पर मिलेंगी। इस वेबसाइट को आसानी से सुना भी जा सकता है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की नई वेबसाइट के लोकार्पण के दौरान दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन भी आसानी से इस्तेमाल कर सकेंगे और इस वेबसाइट को आसानी से सुना भी जा सकता है। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम करने का यह एक बड़ा मौका है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, इसीलिए सभी के सहयोग से ही शत-प्रतिशत बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य है। शिक्षा राज्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द ने कहा कि एनजीओ बेहतर काम करे इसके लिए कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। वेबसाइट के लोकार्पण कार्यक्रम में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल, वरिष्ठ सलाहकार समग्र शिक्षा डीबी शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी एमडीएम समीर कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

Source: SWATANTRA BHARAT